# आईडीए की सभी योजनाओं के लिए बनेगा सॉफ्टवेयर

▸ तीन माह बाद सभी फाइलें होंगी डिजिटल

**नव भारत न्यूज.**

**इंदौर.** लीज नवीनीकरण, फ्री होल्ड और नामांतरण आदि के प्रकरणों एवं शिकायतों के निराकरण में होने वाली लेटलतीफी रोकने और समय पर निराकरण किए जाने के लिए आईडीए की संपदा शाखा का डिजिटलाइजेशन होगा. इसके लिए अगले तीन महीने में सॉफ्टवेयर बनाने का प्रस्ताव है. यह प्रस्ताव संभवतः 27 तारीख को होने वाली बैठक में रखा जाएगा. इसके बाद आईडीए के सभी विभागों की फाइलें सॉफ्टवेयर में दर्ज हो जाएंगी.

आईडीए संपदा शाखा में लीज नवीनीकरण, फ्री होल्ड, नामांतरण का सॉफ्टवेयर बनाया जाएगा. इस सॉफ्टवेयर के जरिये आवेदक को आवेदन करने से लेकर फाइल के मूवमेंट तक की जानकारी समय-समय पर ऑनलाइन मिलती रहेगी. इसके लिए आवेदक को आवेदन करने के बाद एक आईडी नंबर दिया जाएगा, जिससे वह घर बैठे मोबाइल और कंप्यूटर के जरिए अपने आवेदन की वर्तमान स्थिति की जानकारी ले सकेगा. ज्ञात हो कि आईडीए में लीज, फ्री होल्ड और नामांतरण फीस के चालान के लिए भी आवेदक को एक से दो सप्ताह तक इंतजार करना और चक्कर काटने पड़ते हैं. आवेदक थक-हारकर सीईओ के पास शिकायत करने पहुंचते हैं.




### 50 हजार से ज्यादा फाइलें होंगी डिजिटल

आईडीए की नई और पुरानी योजनाओं को मिलाकर संपदा शाखा की 50 हजार फाइलें हैं. इसमें नई टीपीएस 1 से लेकर 9 तक के प्लॉट शामिल नहीं हैं. एक अंदाजा के अनुसार टीपीएस में भी तीन हजार प्लॉट बताए जाते हैं.

**शुरू हो चुकी डिजिटलाइजेशन की तैयारी**

आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े ने बताया कि लीज और संपदा शाखा की सभी प्रॉपर्टी का सॉफ्टवेयर बनाया जाएगा. इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है. अगले तीन महीने बाद सारी व्यवस्था डिजिटल हो जाएगी. इसमें आवेदकों की सुविधा और पारदर्शिता के लिए हर सप्ताह समय-समय पर जानकारी भी अपडेट होगी. सीईओ के मुताबिक, सबसे ज्यादा शिकायतें लीज नवीनीकरण, फ्री होल्ड और नामांतरण के मामलों को लेकर आती हैं. इसका निवारण सॉफ्टवेयर बनाकर किया जाएगा. इसका प्रस्ताव आईडीए की आगामी बैठक में लाया जाएगा.

## धर्मेन्द्र भदौरिया के बैंक लॉकरों ने भी उगला सोने-चांदी का खजाना

▸ 25 करोड़ रुपए की संपत्ति की जांच जारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** रिटायर्ड आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र भदौरिया के यहां की गई विशेष सर्च के बाद लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को बैंक लॉकर खुलवाए तो उनमें से भी बड़ी मात्रा में सोना, आवश्यक कागजात व अन्य माल निकला.

पुलिस ने लाकर खुलवाकर उसे भी अपनी जप्ती में ले लिया. विवेचना में जुटाए गए सबूतों के अनुसार, आरोपी भदौरिया और उसके परिवार के नाम दर्ज संपत्ति की कीमत लगभग 25 करोड़ रुपए आंकी गई है.

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बैंक ऑफ बड़ौदा में आरोपी सूर्यांश भदौरिया और उनकी मां सीमा भदौरिया का लॉकर खुलवाया. उसमें 886 ग्राम शुद्ध सोने के गहने बरामद हुए, जिनकी कीमत 79 लाख 23 हजार 698 रुपए बताई गई है. लॉकर खुलवाने की प्रक्रिया सूर्यांश भदौरिया की उपस्थिति में पूरी की गई. शेष लॉकर अभी फ्रीज हैं और आरोपी की उपस्थिति में खोले जाएंगे. विवेचना में और भी बड़ी संपत्ति का पता चला है. जेसी वेंचर्स में 27.50 लाख रुपए का निवेश करने के दस्तावेज मिले हैं. इसके अलावा ग्वालियर में आवासीय संपत्ति की कीमत 22 लाख 78 हजार 400 रुपए पाई गई, जबकि एचडीएफसी पलासिया शाखा में आरोपी और परिवार के खातों में 5 लाख 32 हजार रुपए जमा होने की जानकारी मिली.

अब तक की जांच में आरोपी और परिवार की लगभग 25 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति का पता चला है. पुलिस ने बताया कि विवेचना अभी जारी है और आगे की कार्रवाई के लिए सभी दस्तावेज और संपत्ति का विश्लेषण किया जा रहा है.

## प्रदेश कांग्रेस ने प्रवक्ताओं को सौंपी जिले की कमान

**संतोष गौतम को इंदौर की जिम्मेदारी**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मध्यप्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग द्वारा सभी प्रवक्ताओं को जिलों का दायित्व सौंपा गया है. इसमें नियुक्त प्रवक्ता को जिला प्रभारी की देखरेख में शहर कांग्रेस का कार्य और मुद्दे पर काम करना होगा.**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रवक्ताओं को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा है. मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर महासचिव कम्युनिकेशन अभय तिवारी और मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रदेश कांग्रेस के 44 प्रवक्ताओं को विभिन्न जिलों का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है. नियुक्त किए गए सभी मीडिया प्रभारी अपने-अपने जिलों में कांग्रेस पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों एवं जनहित के मुद्दों पर मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करने का काम करेंगे. साथ ही संगठन की गतिविधियों में समन्वय, क्रियान्वयन एवं नियंत्रण करेंगे. प्रदेश कांग्रेस से जारी सूची के मुताबिक, इंदौर से कांग्रेस नेता राजेश चौकसे को रतलाम, संतोष गौतम इंदौर, प्रमोद द्विवेदी शाजापुर, हिमानी सिंह बड़वानी, नीलाभ शुक्ला खंडवा, अमित कुमार चौरसिया देवास, आनंद जैन कासलीवाल खरगोन और हर्ष जैन को धार जिले का प्रभार दिया गया है.

### एक नजर में

## फाइनेंशियल मैनेजमेंट की ग्लोबल एग्जाम में राशि अव्वल




**इंदौर.** यूके की एसीसीए ग्लोबल (एसोसिएशन ऑफ सर्टिफाइड चार्टर्ड अकाउंटेंट) के फाइनेंशियल मैनेजमेंट की ग्लोबल एग्जाम में राशि धूत ने विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. राशि ने 100 में से 97 नंबर प्राप्त कर एक नया रिकॉर्ड बनाया हैं. एसीसीए ग्लोबल द्वारा राशि की इस उपलब्धि पर 200 ब्रिटिश पाउन्ड एवं सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया गया है. राशि धूत इंदौर शहर के उद्योगपति ओम धूत (पूर्व अध्यक्ष एआईएमपी) की पौत्री है. मध्यप्रदेश से पहली बार किसी छात्र या छात्रा ने एसीसीए ग्लोबल की वर्ल्ड रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया है. राशि धूत प्रेस्टिज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की बी.कॉम. फाइनल ईयर की छात्रा है. संस्थान द्वारा भी राशि को उसकी उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. अध्ययन के अतिरिक्त कॉलेज की तरफ से खेलते हुए राशि ने अभी हाल में ही देवी अहिल्या विश्विद्यालय की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भी विजेता बन ट्रॉफी प्राप्त की.

## ट्रेजर आइलैंड में त्योहार की शानदार शुरूआत

**इंदौर.** दीवाली के उल्लास को और रंगीन बनाते हुए, ट्रेज़र आइलैंड मॉल ने एडबुध एनजीओ के साथ मिलकर एक उत्साहपूर्णदीया पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया. इस पहल का उद्देश्य रचनात्मकता, सामुदायिक एकता और त्योहारों की भावना को एक ही मंच पर एकजुट करना था. एडबुध एनजीओ से जुड़े 20 प्रतिभाशाली कारीगरों ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक और आधुनिक दोनों शैलियों में खूबसूरत दीये तैयार किए. इस मौके पर आने वाले आगंतुकों ने कलाकारों से बातचीत की, उनसे पेंटिंग के गुर सीखे और सीधे उनसे खरीदारी की. यह वर्कशॉप त्योहारी मौसम की एक शानदार शुरुआत साबित हुई, जिसने प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे अपने घरों – और दिलों – दोनों को उन हस्तनिर्मित दीयों की रोशनी से सजाएँ.

## चॉइस इंटरनेशनल की दूसरी तिमाही में मजबूत वृद्धि

**इंदौर.** भारत की प्रमुख वित्तीय सेवा फर्मों में से एक, चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड ने 30 सितंबर, 2025 को तिमाही और छमाही समाप्त के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसमें इसके सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि प्रदर्शित हुई. चॉइस ने डीमैट खातों की संख्या में साल-दर-साल 29% की तीव्र वृद्धि दर्ज की, जो 12.05 लाख तक पहुँच गई. परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, चॉइस इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक, कमल पोद्दार ने कहा वर्ष की मज़बूत शुरुआत के आधार पर, चॉइस ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी और पहली छमाही में अपनी विकास गति को बनाए रखा, जिसमें सभी व्यवसायों में शानदार प्रदर्शन और राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार शामिल है.

## बिल्कुल नई स्कोडा ऑक्टाविया आरएस : पावर

**इंदौर.** स्कोडा ऑटो इंडिया देश में अपनी 25वीं वर्षगाँठ का जश्न मना रही है, और यह एक सच्चे लीजेंड, बिल्कुल नई ऑक्टाविया आरएस की वापसी के लिए है. ऑक्टाविया आरएस बेजोड़ ड्राइविंग डायनामिक्स, बोल्ड डिज़ाइन और बेजोड़ आरएस स्पिरिट का प्रतीक है, जो भारत में दीवानों और ख़ास चाहने वालों के लिए एक ख़ास निशानी के रूप में अपनी वापसी कर रही है. लॉन्च पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा ऑक्टाविया आरएस को कमाल की प्रतिक्रिया मिली है. इस शानदार मॉडल ने पूरे भारत में ड्राइविंग के शौकीनों के जुनून को सचमुच जगा दिया है, और ऑक्टाविया आरएस की दुनिया भर में पहचान को और मज़बूत किया है. आरएस बैज केवल परफॉरमेंस तक सीमित नहीं है. यह स्कोडा ब्रांड के साथ हमारे ग्राहकों के भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास को दिखाता है.

## रतलाम ज्वेलर्स पर सबसे कम मेकिंग चार्जेस

**इंदौर.** दीपावली के त्यौहार में धनतेरस का दिन आभूषण तथा मूल्यवान वस्तुएं खरीदने के लिए सबसे शुभ माना जाता है. रतलाम ज्वेलर्स पर सबसे कम सोने का भाव और सबसे कम मेकिंग चार्जेस ने इस दिन को और शुभ बनाने का अवसर दिया है. इस धनतेरस पर आप मनपसंद गहनों के साथ ही पा सकते हैं ढेर सारा फायदा भी और कर सकते हैं जमकर खरीदारी. यहां मिलेंगी लाइटवेट ज्वेलरी की एक से बढ़कर एक 50 हजार से भी अधिक डिजाइन और विवाह के लिए सबसे कम वजन में ज्वेलरी भी. साथ में शुद्ध सोने और चांदी के सिक्के भी. रतलाम ज्वेलर्स के पारस बोहरा बताते हैं, हमने हर व्यक्ति के लिए खुशियों भरी दीवाली मनाने का प्रयास किया है. धनतेरस के दिन आप हमारे यहां आभूषणों से लेकर उपहार में दिए जाने वाले सोने, चांदी व अन्य मूल्यवान धातुओं, नगीनों से बनी वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं. भव्य उत्सवों के हिसाब से पारंपरिक हैवी और जड़ाऊ ज्वेलरी की मनमोहक डिजाइनों के साथ ही डेली वेयर के हिसाब से एलिगेंट, ट्रेंडी और मॉडर्न ज्वेलरी की भी विस्तृत रेंज शामिल है. हमने गहनों को बनाते समय इस बात का खास ख्याल रखा है कि चाहे आप किसी भी अवसर पर पहनें, हमारा हर गहना आपको खुशी देगा. हमारे पास लाइटवेट वेडिंग ज्वेलरी का बेमिसाल कलेक्शन है. इसके साथ गोल्ड, डायमंड और पोल्की ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत का रिटर्न, बीआईएस सर्टिफाइड हॉलमार्क सिल्वर ज्वेलरी/आर्टिकल्स, सर्टिफाइड डायमंड एवं पोल्की ज्वेलरी, गोल्ड, जड़ाऊ, हीरा, पोल्की, एंटिक, मोती, प्लेटिनम ज्वेलरी के अलावा सिल्वर और राशि रत्न भी यहां उपलब्ध हैं.

## गीता भवन में महालक्ष्मी पूजन एवं हवन 21 को

**इंदौर.** गीता भवन पर परंपरागत दीपावली महापर्व पर महालक्ष्मी पूजन एवं हवन का अनुष्ठान लक्ष्मी मंदिर में समाजसेवी नारायण हरि चौधरी परिवार द्वारा 21 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा. ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं मनोहर बाहेती ने बताया कि गीता भवन में 22 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे से राम दरबार मंदिर में 56 भोग समर्पित कर अन्नकूट के दर्शन एवं आरती के आयोजन होंगे तदपश्चात प्रसाद वितरण होगा.







